आइआइएम में कॉन्फ्रेंस

देश के भारतीय बी-स्कूलों को हो रहे कई फायदे : शिवकुमार

रांची. एडवेंट इंटरनेशनल के ऑपरेटिंग पार्टनर डी शिवकुमार ने कहा है कि वैश्वीकरण के दौर में भारतीय बी-स्कूलों को कई फायदे हो रहे हैं. वैश्विक भाषा के रूप में अंग्रेजी भारतीय बिजनेस स्कूलों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है. श्री शिवकुमार बुधवार को आइआइएम रांची में एकेडमिक एक्सलेंस के तहत ग्लोबल कॉन्फ्रेंस-2023 के 16वें संस्करण में बोल रहे थे. गोइजुएटा बिजनस स्कूल एमोरी यूनिवर्सिटी के प्रो जगदीश सेठ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार की बदलती गतिशीलता के लिए व्यवसायों के संचालन के तरीके की पुनर्कल्पना जरूरी है. आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए संस्थान ने 2030 को ध्यान में रख कर रणनीति तैयार की है. मौके पर आइआइएम नागपुर के निदेशक प्रो भीमाराय मेत्री, प्रो रवि कुमार जैन, प्रो राजेश जैन, प्रो अरिंद्रनाथ मिश्रा ने भी विचार रखे. कार्यक्रम में आइएसडीएसआइ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस-2023 : बुक ऑफ एबस्ट्रेक्ट पुस्तक का विमोचन भी किया गया.

Prabhat Khabar_28.12.2023_Pg. 09